web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 12 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 44

# जस्टिस संजीव खन्ना बने देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश, राष्ट्रपति ने दिलाई शपथ

**नई दिल्ली । आरएनएस**

जस्टिस संजीव खन्ना ने देश के 51वें सीजेआई के तौर पर शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन के अशोक हॉल में संजीव खन्ना ने शपथ ली। इस दौरान समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

चुनाव में ईवीएम की उपयोगिता बनाए रखना, चुनावी बांड योजना को खारिज करना, अनुच्छेद-370 के निरस्तीकरण के फैसले को कायम रखना और दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए अंतरिम जमानत प्रदान करने के फैसले देने वाले बेंच में वो शामिल थे।

## तीस हजारी कोर्ट से भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश तक का सफर

जस्टिस संजीव खन्ना दिल्ली के रहने वाले हैं और उन्होंने अपनी सारी पढ़ाई-लिखाई दिल्ली से ही की है। उनका जन्म 14 मई 1960 को हुआ था। उनके पिता न्यायमूर्ति देस राज खन्ना थे, जो दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

साल 1983 में वो दिल्ली बार काउंसिल के साथ एक वकील के रूप में नामांकित हुए। शुरुआत में दिल्ली के तीस हजारी परिसर में जिला न्यायालयों में और बाद में दिल्ली के उच्च न्यायालय और संवैधानिक कानून, प्रत्यक्ष कराधान, मध्यस्थता जैसे विविध क्षेत्रों में न्यायाधिकरणों में प्रैक्टिस की। वाणिज्यिक कानून, कंपनी कानून, भूमि कानून, पर्यावरण कानून और चिकित्सा लापरवाही कानूनों पर उनकी जबर्दस्त पकड़ है।



18 जनवरी, 2019 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में उन्हें पदोन्नत किया गया। उन्होंने 17 जून 2023 से 25 दिसंबर 2023 तक सुप्रीम कोर्ट कानूनी सेवा समिति के अध्यक्ष का पद संभाला। वह वर्तमान में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष और राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी, भोपाल के गवर्निंग काउंसिल के सदस्य भी हैं। संजीव खन्ना 13 मई, 2025 तक सीजेआई के पद पर रहेंगे।

# कोई भी धर्म प्रदूषण बढ़ाने को बढ़ावा नहीं देता, सालभर पटाखा बैन पर विचार करे सरकार : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली । आरएनएस**



सुप्रीम कोर्ट ने आज सवाल किया कि पटाखों पर स्थायी, राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया गया और दिल्ली में सिर्फ खास महीनों के दौरान ही प्रतिबंध लागू किए जाते हैं, जबकि राजधानी में वायु प्रदूषण साल भर मुद्दा बना रहता है। सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है।

जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा। अदालत ने कहा, सिफर् कुछ महीने ही क्यों? वायु प्रदूषण तो पूरे साल बढ़ता ही रहता है! अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने बताया कि मौजूदा आदेश त्योहारी मौसम और उन महीनों में वायु प्रदूषण पर केंद्रित है जब हवा दिल्ली में प्रदूषण को बढ़ाती है। हालाँकि, पीठ इससे सहमत नहीं थी और उसने सुझाव दिया कि स्थायी प्रतिबंध पर विचार किया जाना चाहिए।

बता दें कि दिल्ली में अभी अक्तूबर से नए साल तक ही पटाखों पर प्रतिबंध लगाया जाता है। इसके बाद कोई बैन नहीं होगा, लेकिन आप सरकार इस बीच भी सख्ती से इसे लागू करने में विफल हो रही है। अब यही देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा कि दिल्ली में सालभर पटाखा बैन पर 25 नवंबर से पहले फैसला लें।

# मुंबई के गोराई बीच पर प्लास्टिक बैग में मिला शव, 7 टुकड़ों में बंटी हुई थी सड़ी-गली लाश

**मुंबई । आरएनएस**

मुंबई के गोराई बीच पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक प्लास्टिक बैग में शव के 7 टुकड़े बरामद हुए हैं। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सड़े-गले शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, शव को अलग-अलग हिस्सों में काटकर प्लास्टिक बैग के अंदर रखा गया था। पुलिस ने बाबरपाड़ा क्षेत्र के शेफाली गांव से शव को बरामद किया है और फॉरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एक स्पेशल टीम का गठन किया है। टीम सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आस-पास के पुलिस स्टेशनों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट्स से मिलान कर रही है।



इस घटना की तुलना हाल ही में कानपुर में हुए एक हत्याकांड से की जा रही है। कानपुर में डीएम आवास कंपाउंड के अंदर एक महिला का शव मिला था और हत्या वाले दिन सीसीटीवी कैमरे बंद थे। दोनों ही मामलों में सीसीटीवी फुटेज की कमी जांच को मुश्किल बना रही है।

### मणिपुर में फिर भडक़ी हिंसा

# सुरक्षाबलों ने 10 उपद्रवियों को मार गिराया, एक जवान घायल

**इंफाल । आरएनएस**

मणिपुर में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। जिरीबाम इलाके में सुरक्षाबलों ने कुकी उपद्रवियों के हमले का मुंहतोड़ जवाब देते हुए 10 उपद्रवियों को मार गिराया है। वहीं, इंफाल पूर्व जिले में किसानों पर लगातार हमले हो रहे हैं। जिरीबाम में हथियारों से लैस कुकी उपद्रवियों ने सीआरपीएफ पोस्ट पर हमला किया था। जवाबी कार्रवाई में असम राइफल और सीआरपीएफ ने 10 उपद्रवियों को मार गिराया। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ का एक जवान घायल हुआ है।



इंफाल पूर्व जिले में सोमवार सुबह उग्रवादियों ने खेत में काम कर रहे एक किसान पर गोलीबारी कर घायल कर दिया। इससे पहले भी इस क्षेत्र में किसानों पर हमले की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जातीय संघर्ष के कारण घाटी के बाहरी इलाकों में रहने वाले कई किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं और इससे धान की फसल की कटाई प्रभावित हो रही है।

मणिपुर में कुकी और मैतेयी समुदाय के बीच शुरू हुआ संघर्ष हिंसक रूप ले चुका है और पिछले कई महीनों से यहां लगातार हिंसा हो रही है। इस हिंसा में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। मणिपुर में सुरक्षाबलों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। उग्रवादी लगातार नए हथियारों का इस्तेमाल कर रहे हैं और सुरक्षाबलों पर हमले कर रहे हैं। इसके अलावा, घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में उग्रवादियों को पकडऩा बहुत मुश्किल है।

मणिपुर में शांति बहाल करने के लिए सरकार को कई कदम उठाने होंगे। इसमें दोनों समुदायों के बीच विश्वास बहाल करना, उग्रवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना और विकास कार्यों को गति देना शामिल है।

### करणी सेना का ऐलान

# अनमोल बिश्नोई पर एक करोड़, तो गोल्डी बरार को मारने पर 51 लाख रुपए

**अहमदाबाद । आरएनएस**

राष्ट्रवादी कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई पर नकद पुरस्कार की घोषणा करने वाले करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने एक बार फिर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि वह लॉरेंस के खिलाफ घोषित की गई नकद पुरस्कार राशि देने के फैसले पर आज भी अडिग हैं।

राज शेखावत ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा है, अतंकवादी अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, रोहित गोदारा, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण पर नकद पुरस्कार की घोषणा। आतंकी लॉरेंस की पुरस्कार राशि पर हम आज भी कायम है और आगे भी कायम रहेंगे। अब बारी गैंग की आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने वाले आतंकवादी अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बरार, रोहित गोदारा, संपत नेहरा और वीरेंद्र चारण की। इन आतंकवादियों पर भी नकद पुरस्कार की घोषणा क्षत्रिय करणी सेना द्वारा की जाती है। जो कोई व्यक्ति इनको ठोकेगा उसे नियमानुसार नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।



उन्होंने इनामी राशि की घोषणा करते हुए बताया, अनमोल बिश्नोई पर 1,00,00,000 रुपये- (एक करोड़), गोल्डी बरार पर 51,00,000 रुपये- (51 लाख), रोहित गोदारा पर 51,00,000 रुपये- (51 लाख), संपत नेहरा पर 21,00,000 रुपये- (21 लाख) और वीरेंद्र चारण पर 21,00,000 रुपये- (21 लाख)।

राज शेखावत ने आगे कहा, अमर शहीद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों, साजिशकर्ताओं को ठोका जाएगा। आओ योद्धाओं हम क्षत्रिय धर्म का निर्वहन करें और आतंकवाद तथा भय मुक्त भारतवर्ष हो यह सुनिश्चित करें। मां करणी का आशीर्वाद सदैव बना रहे।

इससे पहले उन्होंने ऐलान किया था कि जो भी पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा, उसे एक करोड़ 11 लाख 11 हजार 111 रुपये का इनाम दिया जाएगा।

बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा में उनके बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। गैंग का कहना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या अभिनेता सलमान खान से उनके करीबी संबंधों के कारण की गई।

# झूले में फंसकर सिर से अलग हुए बच्ची के बाल, बाल-बाल बची जान

**कन्नौज । आरएनएस**

कन्नौज जिले के तालग्राम क्षेत्र के माधौनगर में आयोजित एक मेले में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी है। मेले में लगे एक झूले में खेल रही एक बच्ची के बाल झूले के लोहे के हिस्से में फंस गए और उसके सिर से अलग हो गए।

अनुराधा नाम की बच्ची मेले में लगे झूले पर खेल रही थी। तभी अचानक उसके बाल झूले के ऊपरी हिस्से के लोहे के रॉड में फंस गए और जोरदार झटके से उसके सिर से अलग हो गए। इस घटना के बाद बच्ची बेहोश हो गई और उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालांकि, उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए उसे लखनऊ पीजीआई रेफर किया गया है।

इस घटना के बाद झूले वाला मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार ने झूले वाले का आधार कार्ड अपने पास रख लिया है। पुलिस को इस घटना की सूचना दे दी गई है और मामले की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है और मेले में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हडक़ंप मच गया है। लोग इस तरह की घटनाओं से काफी डरे हुए हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि वह ऐसे मेलों में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए।

# इजरायल ने लेबनान पर बरपाया कहर, एयर स्ट्राइक में 53 लोगों की मौत; 99 घायल

**बेरूत**



लेबनान पर इजरायली हवाई हमलों में पिछले 24 घंटों में 53 लोग मारे गए और 99 अन्य घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पिछले 24 घंटों में इजरायली बमबारी के परिणामस्वरूप 53 लोग मारे गए और 99 नागरिक घायल हो गए।

मंत्रालय ने कहा कि इससे इजरायल और लेबनान के बीच हालिया तनाव शुरू होने के बाद से मारे गए लोगों की कुल संख्या 3,186 हो गई है और घायलों की संख्या 14 हजार 078 हो गई है।

इजरायली वायु सेना ने रविवार की सुबह उत्तरी लेबनान के रिसॉर्ट शहर बायब्लोस से 15 किलोमीटर दूर अलमात बस्ती में एक आवासीय इमारत पर हमला किया, जिसमें बच्चों सहित 20 से अधिक लोग मारे गए। इस बीच, इजऱायली सैनिकों ने उत्तरी लेबनान में दीर क़ानून, रास अल ऐन और ऐन बाल की बस्तियों में एम्बुलेंस टीमों पर हमला किया, जिसमें पाँच आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियनों की मौत हो गई।

एक अक्टूबर से इजरायल हवाई हमले जारी रखते हुए दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। हिजबुल्लाह नुकसान के बावजूद जमीन पर इजरायली सैनिकों से लड़ रहा है और सीमा पार रॉकेट लॉन्च कर रहा है। इजऱायल का कहना है कि उसका मुख्य उद्देश्य उत्तर में गोलाबारी से भागे 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए परिस्थितियाँ बनाना है।

# मध्य प्रदेश : गुना में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी का पुलिस एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

**गुना । आरएनएस**

मध्य प्रदेश के गुना में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की पुलिस के साथ केदारनाथ के जंगल में मुठभेड़ हुई जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी है। कुख्यात आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम था।

आरोपी का नाम मुकेश जाटव पुत्र नंदा जाटव निवासी दौरदा बमोरी हाल गढला उजारी का बताया जाता है। बदमाश का एनकाउंटर केदारनाथ जंगल में किया गया है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग किया, जिस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी पर फायर किया और उसके पैर में गोली लगी। आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया।



पूरे मामले को लेकर गुना के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि 6 नवंबर को एक घटना घटी थी, जिसमें आरोपी द्वारा बच्ची के साथ बलात्कार का केस हुआ था। इसको लेकर हमारी पूरी टीम पिछले तीन दिन से आरोपी के पीछे लगी हुई थी, क्योंकि आरोपी ने बहुत जघन्य अपराध किया था। इसपर कई पुराने मामले भी हैं और यह आरोपी काफी कुख्यात बदमाश था।

पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि थाना प्रभारी सिरसी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई, जिसके बाद पुलिस की दो टीम, सिरसी और म्याना के थाना प्रभारी के नेतृत्व में केदारनाथ मंदिर क्षेत्र में आरोपी को चिन्हित किया और जब आमना-सामना हुआ तो, अपराधी द्वारा 315 बोर की गोली फायर की गई। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिससे अपराधी के पैर में गोली लगी है। एनकाउंटर की घटना रविवार शाम सात बजे की है।

संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि अपराधी को तत्काल चिकित्सा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। आईजी द्वारा आरोपी पर 25,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। बता दें कि 6 नवंबर की रात म्याना थाना क्षेत्र में नाबालिग से रेप की वारदात हुई थी। बच्ची जंगल में बेसुध मिली थी। उसके शरीर पर कपड़े भी नहीं थे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यूक्रेन का रूस पर सबसे बड़ा ड्रोन हमला, मॉस्को में मची तबाही; 36 उड़ानें भी रद्द

**मॉस्को ।** यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में एक नया मोड़ आया है। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को पर अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। रूस का दावा है कि उसने अधिकांश ड्रोनों को नष्ट कर दिया, लेकिन इस हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। मॉस्को के दक्षिण-पूर्व में स्थित स्टानोवोय गांव में दो घरों में ड्रोन गिरने से आग लग गई। इस घटना में एक 52 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला का चेहरा, गर्दन और हाथ छर्रों से घायल हो गए हैं और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इस हमले के कारण रूस के तीन प्रमुख हवाई अड्डों को उड़ानों का रूट बदलना पड़ा और लगभग 36 उड़ानें रद्द हुईं। हालांकि, कुछ समय बाद सभी हवाई अड्डों ने अपना संचालन फिर से शुरू कर दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर 145 ड्रोन हमले किए, जो कि रिकॉर्ड है। यूक्रेन ने दावा किया कि उसने इनमें से 62 ड्रोनों को मार गिराया। रूस ने दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र पर भी हमला किया जिसमें दो लोग घायल हुए और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं। इस हमले से यह स्पष्ट है कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध की तीव्रता बढ़ रही है। रूस लगातार यूक्रेन पर हमले कर रहा है और यूक्रेन भी रूस पर जवाबी हमले कर रहा है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह युद्ध जल्द खत्म होने वाला नहीं है और दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ता ही जाएगा। इस युद्ध से अंतरराष्ट्रीय समुदाय भी चिंतित है। कई देशों ने इस युद्ध को रोकने के लिए मध्यस्थता करने की कोशिश की है, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

### क्वेटा रेलवे स्टेशन ब्लास्ट, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 26

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा शहर में शनिवार को एक रेलवे स्टेशन पर हुए एक आत्मघाती विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढक़र 26 हो गई है। पाकिस्तीनी मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता वसीम बेग ने कहा कि विस्फोट में दो लोगों की मौत हो जाने के बाद मरने वालों की संख्या बढक़र 26 हो गई, जबकि 62 अन्य घायल हो गए। क्वेटा डिवीजन कमिश्नर हमजा शफकत ने कहा कि यह विस्फोट मुख्य रूप से कानून प्रवर्तन एजेंसियों पर एक 'आत्मघाती हमला' था, जबकि नागरिकों को भी निशाना बनाया गया। शफकत ने कहा कि इलाके में लोगों के इक_ा होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि बस स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि रेलवे से स्टेशन बंद करने और ट्रेन सेवाओं को निलंबित करने का अनुरोध किया गया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विस्फोट की कड़ी निंदा की और मृतकों तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने बलूचिस्तान सरकार से घटना की जांच रिपोर्ट भी मांगी है। प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा, निर्दोष लोगों की जान और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले आतंकवादियों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं कार्यवाहक राष्ट्रपति यूसुफ रजा गिलानी ने भी घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि आतंकवादी मानवता के दुश्मन हैं जो निर्दोष लोगों को निशाना बनाते हैं। प्रतिबंधित उग्रवादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। यह घटना बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में लड़कियों के स्कूल और अस्पताल के पास हुए बम विस्फोट के एक सप्ताह बाद हुई है, जिसमें पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी।

### पाकिस्तान में अलग-अलग अभियानों में चार आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो सैन्य अभियानों में चार आतंकवादी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा बलों की रविवार को प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हुई। आईएसपीआर ने कहा कि पहली मुठभेड़ स्पिनवाम इलाके में हुई और भीषण गोलीबारी के बाद दो आतंकवादी मारे गए। सुरक्षा बलों ने एक अन्य ऑपरेशन में जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के माध्यम से घुसपैठ करने के आतंकवादियों के प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और दो आतंकवादियों को मार गिराया, जबकि दो अन्य को घायल कर दिया। अन्य आतंकवादियों को खत्म करने के लिए सफाया अभियान चलाया जा रहा है।